A 63

Registration No. : S/50474/2004

# DEEP MARKS COMPUTER INSTITUTE

REGD BY DELHI GOVERNMENT

(मीठापुर वार्ड)

श्री कमलनाथ जी,
माननीय शहरी विकास मंत्री,
भारत सरकार,
निर्माण भवन, नई दिल्ली।

विषयः– मास्टर प्लान 2021 में दिल्ली विकास प्राधिकरण के द्वारा कालोंनी को ओ जोन (Zone O) से निकालकर एफ जोन (Zone F) में डाले जाने हेतु निवेदन।

आपसे विन्रम निवेदन है कि हमारी मीठापुर विस्तार पार्ट–3 मोलड़बन्द स्कूल रोड़ बदरपुर नई दिल्ली सरकार की 1639 अनाधिकृत कालोनियों की सूची में ( अपनी कालेनी का नं0 प्लाट नं0–2 ) पर सुचीबद्ध हैं। दिल्ली प्राधिकरण के द्वारा तैयार व लागू किया गया मास्टर प्लान 2021 में हमारी कालोनी को जोन ओ (Zone O ) में रखा गया है, जोकि सरासर गलत है। जोन ओ यमुना नदी का अग्रभाग / यमुना बैड या यमुना नदी की धारा से दोनो आरे 300 मी0 के क्षेत्र में आ रहे इलाके को ही माना गया है, जो कि माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा समय पर पारित आदेशो के अनूरूप है।

हमारी कालोनी हमारी मीठापुर विस्तार पार्ट–3 मोलड़बन्द स्कूल रोड़ बदरपुर यमुना नदी से लगभग 6 किलोंमीटर की दूरी पर है व हम लोग यमुना नदी के किनारे या अग्रभाग पर नही बैठें है। हमारी कालोनी के बाद कुछ और कालोनियों है व उसके बाद हरियाणा कें गांव बसन्तपुर, ईस्मायलपुर, अगवानपुर, सेहतपुर हरियाणा की कुछ कालोनियाँ भी आती है व उसके बाद कहीं जाकर यमुना नदी बहती है।

दिल्ली विकास प्राधिकरण ने हमारें क्षेत्र के बराबर में एफ जोन लागू किया है। अतः आपसे हमारा विन्रम निवेदन है कि आप कृपया हमांरी कालोंनी को भी एफ जोन की श्रेणी में ही रखें। हम आपके सदैव आभारी रहेंगें।

आपका अपना
(मुकेश पांचाल) जनरल
डी.एम.सी इंस्टीट्यूट
मो0:–9717394077

प्रतिलिपः–

1. मानन्नीय उपराज्यपाल, दिल्ली
2. माननीय उपाध्यक्ष, दिल्ली विकास प्राधिकरण
3. माननीय निदेशक (योजना) एमपीआर दिल्ली विकास प्राधिकरण
4. माननीय आयुक्त, दिल्ली नगर निगम
5. माननीय मुख्य सचिव, शहरी विकास विभाग, दिल्ली सरकार
6. श्री रमेश कुमार माननीय सांसद दक्षिण दिल्ली।
7. श्री रामसिंह नेताजी माननीय विधायक, बदरपुर विधानसभा क्षेत्र।

For DEEP MARKS COMPUTER INSTITUTE

Founder Director

Plot No.2,Meethapur Extn., Near Molarband Sr.Sec.School, Badarpur,New Delhi -110044.
Ph. :26660963,Fax : 26660963,9717394077,9313588384.
E-mail: dmci_edu@rediffmail.com